भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 705**

29 नवंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**पंचकर्म क्लीनिकों की स्थापना**

705. श्री अनूप संजय धोत्रे:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की पूरे देश में पंचकर्म क्लीनिक स्थापित करने की कोई योजना है;
(ख) यदि हां, तो राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का देश में इन पंचकर्म क्लीनिकों की स्थापना के लिए कोई सब्सिडी प्रदान करने का प्रस्ताव है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क), (ख), (ग) और (घ): जी नहीं, सरकार की पूरे देश में पंचकर्म क्लीनिक स्थापित करने की कोई योजना नहीं है।

केंद्रीय प्रायोजित योजना- राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) में पंचकर्म सुविधाओं सहित 50/30/10 बिस्तर वाले एकीकृत आयुष अस्पताल स्थापित करने के लिए राज्य सरकार को सहायता देने का प्रावधान है।

*****